हजारों योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर दिया आरोग्यता का संदेश

बीकानेर, (कासं)। 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव तक हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया और आरोग्यता एवं वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। एक पृथ्वी और स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया।

जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने प्रात: 6.15 बजे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग से जुड़ा संदेश दिया। अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन रामावतार कुमावत ने योग संदेश और योग की जानकारी दी। इसके बाद निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास शुरू हुआ।

योग प्रशिक्षक और कार्यक्रम संचालक मधुसूदन व्यास ने ओंकार के उच्चारण का अभ्यास और प्रार्थना करवाई। शिथिलीकरण के अभ्यास खड़े होकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास योग एवं प्राकृतिक चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष शेषमा ने करवाया। बैठकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास योग गुरू दीपक शर्मा ने, क्रीड़ा भारती की योग शिक्षिका जाह्नवी ने उदर और पतंजलि योग पीठ की स्नेहा के पीठ के बल बैठकर किए जाने वाले आसन करवाए। इस दौरान कपालभाति क्रिया का अभ्यास, नाड़ी शोधन, अनुलोम-विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास अखिल विश्व गायत्री परिवार के शिव कुमार शर्मा ने करवाया। वहीं शांभवी मुद्रा में ध्यान का अभ्यास प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कमल बहिनजी ने करवाया।

डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में हजारों योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक और कार्यक्रम नोडल डॉ. प्रभु दयाल जाट ने आभार जताया। मुख्य समारोह के दौरान योगाभ्यास के लिए बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोलियां सजाकर योग का संदेश दिया गया।

इस दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. रविकुमार सुरपुर, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, चंपालाल गेदर, सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्वाति शर्मा, आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ घनश्याम रामावत, डॉ. जितेन्द्र सिंह भाटी, डॉ. सुरेश सैनी, डॉ. राजकुमार कुमावत, डॉ. सुधांशु व्यास, डॉ. राजकुमार सिंघारिया, डॉ. संजय बुढ़ानिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी सहित आमजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर ने शनिवार को 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। जिला प्रशासन, बीकानेर द्वारा योग दिवस डॉ. करणी सिंह स्टेडियम बीकानेर में 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर वेटरनरी विश्वविद्यालय के डीन-डायरेक्टर, शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने

- **कपालभाति, नाड़ी शोधन, अनुलोम-विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया**

डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शामिल हुए और विभिन्न योग मुद्राओं के साथ योगाभ्यास किया।

विशेष आकर्षण के रूप में, अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस के अवसर पर योग और संगीत का अनुपम संगम प्रस्तुत किया गया। योग गुरू आचार्य राजेन्द्र जोशी, उनकी सहयोगी वीना जोशी एवं 5 से 10 वर्ष के बाल योग साधकों ने 'संगीतमय योग' की लयबद्ध प्रस्तुति दी। शिव तांडव मंत्र पर आधारित इस योग प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वीणा नृत्य अकादमी के बाल कलाकारों द्वारा 25 से अधिक योगासन और 12 सूक्ष्म योग क्रियाओं का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसमें दोनों घटक कॉलेजों के शिक्षक और कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सहभागी रहे। तेजस जोशी द्वारा तबले पर त्रिताल की सशक्त प्रस्तुति ने आयोजन को और भी ऊर्जावान बना दिया। एनआरसीसी बीकानेर में आज़ादी का अमृत महोत्सव उद्यान में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सार्थक सहभागिता के साथ के साथ मनाया गया।

कारोबारी पर फायरिंग, गैंगवार की आशंका

श्रीगंगानगर, (कासं)। कॉलोनाइजर आशीष गुप्ता पर फायरिंग करने के आरोपियों पर 25 हजार रूपये की इनाम की घोषणा की है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के तार हरियाणा और पंजाब से जुड़े हैं। ऐसे में पूरे मामले को लेकर गैंगवार की भी आशंका है। पुलिस ने तीन आरोपियों के नाम और फोटो भी जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि फरार आरोपियों में नारनौल निवासी राहुल कुमार (21), महेंद्रगढ़ निवासी रोहित शर्मा (21) और मुक्तसर साहिब (पंजाब) निवासी सुखविंद्र सिंह उर्फ सुखी (26) शामिल हैं। पुलिस की टीमें हरियाणा और पंजाब के कई इलाकों में भी लगातार दबिश दे रही है। एसपी ने बताया कि आरोपियों की जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। जांच में सामने आया है कि फायरिंग से पहले आरोपी शहर के एक होटल में रूके थे। उन्होंने कॉलोनाइजर की दिनचर्या पर नजर रखी। जिम के पास फायरिंग की जगह इसलिए चुनी गई। क्योंकि वहां कम भीड़ होती है। फायरिंग के बाद आरोपी बाइक से पंजाब भाग गए। उन्हें सुरक्षित निकालने में मदद करने वाले कार चालक पुरुषोत्तम सिंह, निवासी कोटकपुरा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अब उसके मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। सीओ सिटी आईपीएस बी. आदित्य ने बताया कि फायरिंग के बाद लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की गैंग और फिर रोहित गोदारा गैंग ने सोशल मीडिया पर इस वारदात की जिम्मेदारी ली।

सार-समाचार

चिकित्सा व्यवस्थाएं जांची

गंगानगर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया।

श्रीगंगानगर, (कासं)। भीषण गर्मी को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इसी के चलते शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने जैतसर, घड़साना एवं रिड़मलर आदि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से गर्मी को देखते हुए केन्द्रों पर शीतल पेयजल, पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वार्डों में पर्याप्त संख्या में बैड उपलब्ध हों और मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डॉ. सिंगला ने सीएचसी के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और अन्य अनुभागों का भी दौरा किया और वहां साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल कर्मियों को स्वच्छता बनाए रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने कहा कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतें और अधिक से अधिक पानी पिएं। गर्मी को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। डॉ. सिंगला ने इन केन्द्रों में व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह मुस्तैदी से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने जैतसर में सेक्टर मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम को लेकर गंभीरता बरतें एवं लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सीबैक फॉर्म, स्क्रीनिंग एवं ई-केवाईसी को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

सेहत के लिए योग जरूरी

जिला न्यायालय में योग शिविर में योग का अभ्यास करते न्यायाधीश जिला एवं सेशन न्यायाधीश अतुल कुमार।

बीकानेर, (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला न्यायालय तथा समस्त तालुकाओं, केन्द्रीय कारागृह, नारी निकेतन व किशोर गृह में योग शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जिला एवं सेशन न्यायाधीश अतुल कुमार की अध्यक्षता व निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा समस्त तालुकाओं व महिला व पुरूष बंदीगृह, नारी निकेतन व किशोर गृह में योग तथा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में जिला न्यायालय तथा तालुका कोलायत, लूणकरनसर, खाजूवाला, नोखा, श्रीडूंगरगढ़ न्यायालय के न्यायिक अधिकारी, बार अध्यक्ष, अधिवक्ता, कर्मचारी तथा होमगार्ड मौजूद थे। इनके द्वारा स्वस्थ शरीर के लिए योग को जीवन में अपनाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए गए। योग गुरू ने सेहत पर होने वाले विपरीत प्रभावों के बारे में जानकारी दी व योगा करवाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अतुल सक्सेना ने कहा कि योग हमें शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है। साथ ही मानसिक शांति एवं बौद्धिक विकास में सहायक है। योग स्वस्थ रहने के लिये जीवन की सबसे बड़ी औषधि है। केन्द्रीय कारागृह में पुरूष व महिला बंदीगृह में प्रशिक्षु योग गुरू द्वारा योग करवाया गया।

नोखा में सामूहिक योगाभ्यास

नोखा, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेद विभाग, स्थानीय प्रशासन और पतंजलि योग समिति नोखा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बाबा छोटूनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा के परेड मैदान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नोखा के नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सरकारी कर्मचारियों, पतंजलि योग पीठ के साधकों और पेंशनर समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र के समक्ष पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, उपखण्ड अधिकारी गोपाल जांगिड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, ब्लॉक योग नोडल अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार सोनी, प्राचार्य नारायण दत्त तथा उपकोषाधिकारी रमेश कुमार व्यास द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। योगाभ्यास का संचालन योग शिक्षक चंपालाल हरिओम और कोमल खत्री की अगुवाई में आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार कराया गया।

गंगनहर में 2500क्यूसेक पानी की मांग, विधायक गेदर का अनशन

श्रीगंगानगर, (कासं)। सिंचाई पानी की मांग को लेकर श्रीगंगानगर के गंगा सिंह चौक पर छठे दिन भी धरना जारी रहा। किसानों का कहना है कि गंगनहर में जब तक 2500 क्यूसेक पानी नहीं आता उनका धरना जारी रहेगा।

सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर सहित एक दर्जन से अधिक किसान आज धरने को समर्थन देते हुए शाम को अनशन पर बैठे हैं। वहीं किसान संगठनों ने साफ किया है कि जब तक गंगनहर में निर्धारित हिस्से के अनुसार पूरा पानी नहीं छोड़ा जायेगा, तब तक न तो कोई वार्ता होगी और न ही आंदोलन खत्म किया जायेगा।

किसान नेता रविन्द्र तरखान ने बताया कि धरने की आगामी रणनीति भी तैयार कर ली गई है। कल महिलाओं की भागीदारी में क्रमिक अनशन होगा। जबकि 23 जून को जिलेभर की सभी अनाज मंडियां बंद

- **कल महिलाओं की भागीदारी में क्रमिक अनशन होगा**
- **जबकि 23 जून को जिलेभर की सभी अनाज मंडियां बंद रखी जायेगी**

रखी जायेगी। इसके बाद 24 जून को किसान जिला प्रशासन को घेरने का ऐलान कर चुके हैं। किसान संगठनों ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और केवल पानी के मुद्दे पर केंद्रित रहेगा। धरनास्थल पर गर्मी को देखते हुए कूलर, पंखों और पेयजल की व्यवस्था की गई है ताकि आंदोलन में शामिल लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आज शाम से विधायक डूंगरराम गेदर, सूरतगढ़ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, ब्लॉक उपाध्यक्ष जगदीश गोदारा, जिला महासचिव जयप्रकाश गिला, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलराम वर्मा, जैतसर नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल, संगठन महामंत्री अनिल रोकणा, घमण्डिया मंडल अध्यक्ष मंगीलाल बेनीवाल सहित दो दर्जन कांग्रेस की कार्यकर्ता विधायक के नेतृत्व में अनशन पर बैठे हैं।

सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर ने कहा कि गंगनहर में पानी की कमी के कारण किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है और सरकार को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। किसानों को गंगनहर का पूरा पानी दिया जाना चाहिए। धरने में सभी किसान और व्यापारी शामिल हैं। साथ ही मजदूरों का भी समर्थन प्राप्त है।

कई मकानों के ताले टूटे, संदिग्ध कैमरे में कैद

बीकानेर, (कासं)। शहर के बीछवाल थाना इलाके में पिछले एक सप्ताह में कई घरों के ताले टूटने की घटनाएं हो चुकी है। जिसके चलते कई घरों में चोरी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

बताया जा रहा है कि इन्द्रा कॉलोनी में यह वारदातें सामने आई है। जिन घरों में ताले टूटे है। उनके परिवार वाले गर्मियों की छुट्टियां मनाने बाहर गये हुए है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि कुछ युवक मुंह पर कपड़ा बांधे इन घरों के इर्द-गिर्द घूमते नजर आ रहे हैं। इसको लेकर मोहल्लेवासियों में रोष है। उन्होंने भगवान सिंह मेडतिया की अगुवाई में थाना पुलिस को परिवाद दिया है। फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर कितने रूपयों का माल चोरी हुआ है।

जेईएन पर गलत फीडबैक देने का आरोप

बीकानेर, (कासं)। मुरलीधर व्यास कॉलोनी के एक पार्क में निर्माण चल रहा था। बीडीए की जेईएन ने उच्च अधिकारियों को इसे अवैध कब्जा बताया। जबकि मोहल्ले वाले इसे भैरोंजी का मंदिर बता रहे थे। जेईएन के फीडबैक के आधार पर बीडीए ने निर्माण तोड़ दिया। इसके बाद मोहल्लेवाले वहां एकत्रित हो गए। विधायक ने भी इसे तोड़ने से रोका मगर जेईएन की जिद से माहौल बिगड़ गया।

दरअसल मुरलीधर व्यास कॉलोनी में एक पार्क है। वहां पक्षियों के लिए मोहल्ले वाले ही पानी और अन्य चीजों का निर्माण करा रहे थे। मोहल्ले वालों का कहना है कि वहां एक भैरूंजी की कुटिया थी। बीडीए की जेईएन अलका ने उच्चाधिकारियों को गलत फीड बैक दे दिया कि कब्जा हो रहा है। जबकि निर्माण पूरा मोहल्ला मिलकर करा रहा था। बीडीए की टीम जब

- **जेईएन ने तोड़फोड़ से पहले और माहौल गर्माने की सूचना उच्चाधिकारियों को नहीं दी**

अतिक्रमण तोड़ने पहुंची तो मोहल्लेवासियों ने उसका विरोध किया फिर भी जेईएन ने तोड़फोड़ से पहले और माहौल गरमाने की सूचना उच्चाधिकारियों को नहीं दी। लोगों ने क्षेत्रीय विधायक को भी सूचना दी। हिन्दू जागरण मंच के शैलेष गुप्ता का आरोप है कि जेईएन ने विधायक के बारे में भी एक गलत टिप्पणी की। गुप्ता ने कहा कि मैं मानता हूं कि कमिश्नर और सचिव को पता नहीं था मगर जेईएन की ड्यूटी बनती थी कि तोड़ने से पहले के विरोध को अधिकारियों को बताएं।

रेजिडेंट डॉक्टर की सुसाइड को लेकर रोष

नोखा, (कासं)। जोधपुर एमडीएम अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर राकेश बिश्नोई की आत्महत्या मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर नोखा उपखंड अधिकारी कार्यालय में नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि डॉ. राकेश बिश्नोई एक होनहार और ईमानदार डॉक्टर थे। 13 जून 2025 को उन्होंने अपने वरिष्ठ एचओडी के कथित अमानवीय व्यवहार और मानसिक दबाव के कारण सेल्फॉस की गोलियां खा लीं। उन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। 14 जून को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

- **नोखा में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग**

डॉ. बिश्नोई के परिजन एसएमएस अस्पताल जयपुर की मोर्चरी के बाहर कई दिनों से धरने पर बैठे हैं। वे निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में युवा नेता हनी गर्ग, एडवोकेट शिवरतन गोदारा, एडवोकेट मनोज गोदारा, पार्षद जगदीश मांझू, हंसराज बिश्नोई, लिच्छुराम सारण, ओमप्रकाश कुमावत, मुकेश देहडू, अमरदीप लेखाला, पीराराम जयपाल, राजाराम साईसर और रामगोपाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कार-ट्रक भिड़े, दो घायल

हनुमानगढ़, (कासं)। भादरा थाना क्षेत्र के गांव डूंगराना की रोही में कार व मिनी ट्रक की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही मिनी ट्रक पलट गया। उसमें सवार दो व्यक्तियों के हल्की चोटें आई। मिनी ट्रक चालक की ओर से कार ड्राइवर के खिलाफ भादरा पुलिस थाना में नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार नितिन कुमार पुत्र शमशेर सिंह कुम्हार निवासी गांव शिकारपुर पीएस सदर हिसार ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह अपने जीजा रमेश के साथ ग्राम डूंगराना में कॉपी की डिलीवरी देने आया हुआ था। दोपहर करीब 12 बजे विक्रम पुत्र रामचन्द्र निवासी गोगामेड़ी अपनी कार को तेज गति व गफलत से चलाता हुआ लाया और उसके मिनी ट्रक के टक्कर मार दी।

जांच में मिला गेहूं अनसेफ, प्रशासन ने नष्ट कराया

अनूपगढ़, (कासं)। श्रीगंगानगर में एडीएम सुभाष कुमार द्वारा गठित विशेष कमेटी ने इंदिरा रसोई से जब्त 463 क्विंटल गेहूं को नष्ट कर दिया। नष्ट किए गए गेहूं की कीमत लगभग साढ़े 11 लाख रूपए है।

यह कार्रवाई जांच के बाद की गई। तब तत्कालीन तहसीलदार ने भीमराव अम्बेडकर शिक्षा समिति द्वारा संचालित इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया था। स्टॉक में अनियमितताएं पाए जाने पर 463 क्विंटल 20 किलो गेहूं जब्त कर क्रय- विक्रय सहकारी समिति को सौंप दिया गया था। तहसीलदार श्रीवर्धन शर्मा ने बताया कि इंदिरा रसोई का स्टॉक अनूपगढ़ के रीको एरिया स्थित लूहानीवाला

- **इंदिरा रसोई से जब्त किया गया था 463 क्विंटल गेहूं**

इंडस्ट्रीज में रखा हुआ था। जांच में पाया गया कि इंदिरा रसोई ने 26 क्विंटल आटा श्री विजयनगर की श्री गुरू नानक इंटरप्राइजेज को अनुचित रूप से दिया था। जब्त किए गए गेहूं के सैंपल बीकानेर लैब में जांच के लिए भेजे गए थे, जो अमानक पाए गए। तहसीलदार ने बताया कि गेहूं को नष्ट करने की रिपोर्ट एडीएम को भेजी जाएगी और आगे की कार्रवाई उनके द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 मार्च 2025 को क्रय- विक्रय सहकारी समिति में रखे हुए गेहूं का खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुडिया के द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान गेहूं में इल्लियां लगी हुई थी। इसलिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने गेहूं का सैंपल लेकर जांच के लिए बीकानेर भिजवा दिया। तहसीलदार श्रीवर्धन ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 को बीकानेर से आई रिपोर्ट के अनुसार यह गेहूं अनसेफ पाया गया। इस गेहूं के सैंपल को पशु चिकित्सालय में भिजवाया गया ताकि यह गेहूं पशुओं के काम आए मगर पशु चिकित्सालय से आई रिपोर्ट के अनुसार गेहूं पशुओं के उपयोग के लिए भी उचित नहीं था।

तुलसी पौधा व कपड़े का थैला बांटकर दिया 'स्वस्थ बीकाणा' का संदेश

बीकानेर, (कासं)। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में बीकानेर व्यापार उद्योग मण्डल द्वारा एक विशेष पहल के अंतर्गत नि:शुल्क तुलसी पौधा व कपड़ा थैला का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अनेक नागरिकों और व्यापारियों ने वितरण में सहभागिता करते हुए तुलसी पौधे के महत्व को समझा और उसे अपने घरों में लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योग को प्रोत्साहित करना नहीं था, बल्कि भारतीय संस्कृति, आयुर्वेदिक परंपराओं और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाना था। तुलसी को भारतीय चिकित्सा पद्धति में रोगनाशक, वातावरण को शुद्ध करने वाला तथा मानसिक शांति प्रदान करने वाला पौधा माना गया है।

व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ने कहा

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में व्यापार उद्योग मण्डल ने तुलसी पौधों का वितरण किया।

कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं बल्कि यह जीवनशैली को संतुलित और प्रकृति के अनुरूप बनाने की प्रक्रिया है। इस दिशा में तुलसी पौधा व थैला वितरण एक छोटा किंतु प्रभावशाली प्रयास व्यापार मण्डल ने किया है जो निरन्तर जारी रहेगा। सचिव संजय जैन सांड ने बताया कि हमारा लक्ष्य 3100 पौधा व 5000

- **लोगों ने तुलसी पौधे के महत्व को समझा और अपने घरों में लगाने का संकल्प लिया**

थैला वितरण जिसकी शुरूआत आज विशेष दिन के अवसर पर की गई है। आज 1100 तुलसी के पौधों का वितरण किया गया व 1000 कपड़ा थैले का वितरण किया है जो स्वच्छ बीकाणा एवं स्वस्थ बीकाणा की संकल्पना को पूर्ण करेगा। सुबह योग कार्यक्रम के समापन के साथ ही पौधा व थैला वितरण कार्य की शुरूआत उपाध्यक्ष कमल बोथरा, प्रेम जोशी, नरेन्द्र खत्री, भंवरसिंह राजपुरोहित, किशन सिंगोदिया, सुशील यादव, विजय बाफना, शिवसिंह शेखावत आदि ने की।

मिसब्रांड मिलने पर विभिन्न फर्मों पर लगाया 30 लाख का जुर्माना

बीकानेर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली फर्मों पर जिला प्रशासन ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है। भुजिया पापड़ घी और मैंगो ड्रिंक के सैंपल मिस ब्रांडेड पाए जाने और दूध दही कचौरी लाल मिर्च पाउडर रिफाइंड पाम ऑयल व मसाला आलू पेटीज के सैम्पल निम्न मानक सब स्टैंडर्ड मिलने पर एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत की कोर्ट ने संबंधित फर्मों पर कुल 30 लाख 35 हजार का जुर्माना लगाया है।

एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बताया कि बीकानेर में दाऊजी मंदिर रोड़ स्थित फर्म मैसर्स हरीराम भुजियावाला का भुजिया सैंपल मिस ब्रांड पाए जाने पर 2 लाख 75 हजार का जुर्माना और हरीराम भुजिया को बाजार में बेच रही फर्म तीन खंबों का चौक स्थित मैसर्स मातृ छाया डिपार्टमेंटल स्टोर पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। चिरमी पापड़

- **खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी, भुजिया पापड़ घी और मैंगो ड्रिंक के सैम्पल मिले मिस ब्रांडेड**

मिस ब्रांड पाए जाने पर फर्म मैसर्स लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। क्षीर ब्रांड घी मिस ब्रांड पाये जाने पर सीकर के रींगस स्थित फर्म मैसर्स धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड पर 2 लाख का जुर्माना व इस घी को बेच रहे नोखा तहसील के सदर बाजार स्थित फर्म मैसर्स सत्यनारायण तापडिया व जोधपुर मंडोर मंडी स्थित फर्म मैसर्स मूथा एंड कंपनी पर 50-50 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

एडीएम कुमावत ने बताया कि इसी प्रकार रेलवे के फूड सेफ्टी ऑफिसर द्वारा मैंगो ड्रिंक प्योर के मिस ब्रांड पाए जाने पर कमला नगर व प्रहलादपुर दिल्ली व उत्तराखंड के देहरादून स्थित फर्म श्रुति इंटरनेशनल पर कुल 2 लाख 40 हजार रूपए का जुर्माना और इस ड्रिंक को बीकानेर में सप्लाई करने वाली कृषि मंडी रोड़ पर स्थित फर्म विजय लक्ष्मी इंटरप्राइजेज पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इस मैंगो ड्रिंक पर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं 1 पर ट्रॉली नंबर 03 पर बेचने वाले वेंडर पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बताया कि इसी तरह मसाला आलू पेटीज, बटर, मैदा, आलू, मसाले, मूंगफली तेल से निर्मित निम्न मानक सब स्टैंडर्ड मिलने पर रानीबाजार में मैसर्स द पिज्जा क्लब पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया है।